SCIENCE OLYMPIAD FOUNDATION

CLASS 3

SAMPLE PAPER 2026-27

अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

SOF INTERNATIONAL HINDI OLYMPIAD

कुल प्रश्न : 35 समय : 1 घंटा

पैटर्न तथा अंक योजना			
खंड	(1) शब्द और व्याकरण बोध	(2) रचनात्मक बोध	(3) मेधावी खंड
प्रश्नों की संख्या	20	10	5
अंक प्रति प्रश्न	1	1	2

पाठ्यक्रम

खंड-1: हमारी भाषा, वर्ण एवं वर्णमाला, शब्द एवं वाक्य, संज्ञा, सर्वनाम एवं विशेषण, लिंग एवं वचन, क्रिया, शब्द-भंडार, अशुद्धि संशोधन, गिनती एवं महीनों के नाम, शब्दकोश एवं सामान्य शब्द, सामान्य हिंदी ज्ञान

खंड-2: अपठित गद्यांश एवं मुहावरे

खंड-3: उच्चतर क्रम सोच कौशल आधारित प्रश्न– खंड 1 और 2 के पाठ्यक्रम के अनुसार

शब्द और व्याकरण बोध

1. दिए गए चित्र को देखकर भाषा का रूप बताइए–

(क) मौखिक (ख) लिखित
(ग) सांकेतिक (घ) इनमें से कोई नहीं

2. 'क्ष' अक्षर ____________ वर्णों से मिलकर बना है।
(क) क् और ष (ख) श् और र
(ग) क् और श (घ) ज् और ञ

3. फ़रवरी (लीप वर्ष) के महीने में कितने दिन होते हैं?
(क) 28 (ख) 30 (ग) 29 (घ) 31

4. दिए गए चित्र का नाम पहचानकर उसका विलोम शब्द बताइए–

(क) पृथ्वी (ख) बादल
(ग) चाँद (घ) आसमान

5. निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द का चयन कीजिए–
(क) ग्रह (ख) गई (ग) गरह (घ) उपरोक्त सभी

6. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा संज्ञा शब्द नहीं है?
(क) ताजमहल (ख) बचपन (ग) सर्दी (घ) मीठा

रचनात्मक बोध

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 7 और 8 के उत्तर दीजिए–

जीवन का सबसे बड़ा सुख निरोगी काया है। सेहत ही सबसे बड़ी पूँजी है। स्वस्थ व्यक्ति ही संसार के

सारे सुखों का आनंद ले सकता है। स्वस्थ व्यक्ति अदम्य साहस तथा उत्साह की खान होता है। मानव शरीर, ईश्वर की देन है और उसे स्वस्थ रखना हमारा काम है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क रहता है। शरीर की पूर्ण देखभाल, उचित खान-पान तथा नियमित व्यायाम द्वारा ही की जा सकती है। जीवन में खेलों का बहुत महत्व है। खेलों से हमारा स्वास्थ्य सही रहता है। शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है। खून का संचार तेज़ होता है। खेलों से हमारी क्षमता बढ़ जाती है। खेलों से हमारा शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक विकास होता है।

7. जीवन में किसका महत्व है?

(क) धन का (ख) खेलों का (ग) दुखों का (घ) आलस का

8. सबसे बड़ी पूँजी क्या है?

(क) रुपया-पैसा (ख) सोना-चाँदी (ग) सेहत (घ) खेल

मेधावी खंड

9. निम्नलिखित पर्यायवाची शब्दों का उनके चित्रों से मिलान कर उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(अ) अंबा, जननी (1)

(ब) सूरज, रवि (2)

(स) पंछी, खग (3)

(द) धरा, वसुधा (4)

(क) (अ)-(3), (ब)-(4), (स)-(1), (द)-(2)
(ख) (अ)-(2), (ब)-(1), (स)-(4), (द)-(3)
(ग) (अ)-(3), (ब)-(2), (स)-(1), (द)-(4)
(घ) (अ)-(2), (ब)-(4), (स)-(1), (द)-(3)

10. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(अ) वर्णों के क्रमिक एवं सार्थक समूह को वाक्य कहते हैं।
(ब) संज्ञा के स्थान पर आने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।
(स) लिंग के दो भेद होते हैं।
(द) बड़ा, चार, लाल आदि विशेषण शब्द हैं।

(क) केवल (अ) सही है। (ख) (अ) तथा (ब) दोनों सही हैं।
(ग) केवल (स) सही है। (घ) (ब), (स) तथा (द) तीनों सही हैं।

उत्तर कुंजी

1. (ख) 2. (क) 3. (ग) 4. (घ) 5. (क) 6. (घ) 7. (ख) 8. (ग) 9. (घ) 10. (घ)